Hapur News: नामचीन कंपनी की आड़ में नकली नमक बेचते दो दुकानदार गिरफ्तार, तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

केशव त्यागी, हापुड़। थाना बाबूगढ़ पुलिस ने नामचीन कंपनी की आड़ में नकली नमक बेचते दो दुकानदारों को क्षेत्र के गांव शाहपुर जट से गिरफ्तार किया है।

कंपनी कर्मचारियों के साथ मिलकर पुलिस ने दोनों दुकानों पर छापा मारा था। दोनों दुकानों से 72 पैकेट नकली नमक बरामद हुआ है। मामले में पुलिस ने दोनों दुकानदारों सहित तीन आरोपितों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस फरार आरोपित की तलाश कर रही है।

20 जनवरी को मिली थी मामले की सूचना

पुलिस में दर्ज रिपोर्ट में चंडीगढ़ के सेक्टर 14 स्थित सिक्योरिटी नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के आपरेशन मैनेजर सुमित आर्य ने बताया कि नमक बेचने वाली एक नामचीन कंपनी ने उसकी कंपनी को उनकी कंपनी की आड़ में नकली नमक बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए अधिकृत किया हुआ है।

20 जनवरी को उन्हें सूचना मिली कि थाना बाबूगढ़ क्षेत्र के गांव शाहपुर जट्ट में दो व्यापारी अपनी दुकान पर नामचीन कंपनी की आड़ में नकली नमक बेच रहे हैं। मामले की जानकारी पर उन्होंने थाना बाबूगढ़ पुलिस से संपर्क किया।

Source: https://www.jagran.com/uttar-pradesh/hapur-city-two-shopkeepers-arrested-for-selling-fake-salt-under-guise-of-a-well-known-company-in-hapur-23634480.html